प्रसार भारती
आकाशवाणी शिमला
29.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800 बजे

## राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रधानमंत्री को राज्य की विकासात्मक पहलों, प्राकृतिक आपदाओं के कारण प्रदेश को हुए नुकसान और नशा मुक्त हिमाचल अभियान की प्रगति से अवगत करवाया। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री को इस वर्ष मानसून के कारण मंडी जिला में बादल फटने और भूस्खलन से हुए व्यापक नुकसान की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि इन आपदाओं के कारण प्रभावितों के घर और कृषि भूमि को भारी नुकसान हुआ है। प्रधानमंत्री ने पुनर्वास कार्य सुनिश्चित करने के लिए प्रभावितों को हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। राज्यपाल ने राज्य स्तरीय नशामुक्त हिमाचल अभियान के बारे में जानकारी देते हुए राज्यपाल ने बताया कि इस अभियान को पंचायत स्तर तक लागू किया जा रहा है।

## मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मॉनसून की वर्षा रूक–रूक कर जारी है और कई स्थानों पर भारी वर्षा का समाचार है। मंडी जिले में बीती रात मूसलाधार बारिश व बादल फटने की 2 अलग–अलग घटनाओं में अब तक 3 लोगों की मृत्यु की पुष्टि हो चुकी है, जबकि कई अन्य के मलबे में दबे होने की आशंका है। इन घटनाओं में कई वाहन भी मलबे में दब गए हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मंडी के उपायुक्त को प्रभावितों को हर संभव सहायता देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आज शिमला में पत्रकारों से अनौपारिक बातचीत में कहा कि इस तरह की आपदाओं से निपटने के लिए राज्य सरकार अब एक स्थायी नीति ला रही है, ताकि जान–माल के नुकसान को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि भविष्य में अब कोई भी सरकारी संस्थान नदी–नालों के किनारे नहीं बनाया जाएगा और सभी सरकारी भवन सौ से डेढ़ सौ मीटर की सुरक्षित दूरी पर ही बनाए जाएंगे।

इस बीच नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और स्थानीय विधायक अनिल शर्मा ने मंडी में घटनास्थल पर पहुंचकर राहत व बचाव कार्यों का जायजा लिया।

जयराम ठाकुर ने कहा कि बरसात से प्रदेश में हो रहा नुक्सान चिंताजनक है और इस मुश्किल घड़ी में सावधान रहने की आवश्यकता है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने मंडी शहर में बादल फटने से हुए जानमाल के नुकसान पर गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं व आम लोगों से प्रभावित लोगों की हरसंभव मदद करने का भी आग्रह किया है। मौसम विभाग ने आज और कल यानि 30 जुलाई के लिए कांगड़ा, मंडी, कुल्ल और चंबा ज़िलों के लिए भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जबकि लाहौल स्पीति और किन्नौर को छोड़कर अन्य सभी जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

<u>शिक्षा नीति–एनईपी</u>

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आज 5 वर्ष पूरे हो गए हैं। इस उपलक्ष्य पर नई दिल्ली में आज अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2025 का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–एनईपी 2020, सभी के लिए विश्वस्तरीय शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए तैयार की गई एक दार्शनिक रूपरेखा है।

<u>विरोध प्रदर्शन</u>

प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेशों पर राज्य में सरकारी ज़मीनों से बेदखली और सेब के पेड़ों के कटान के विरोध में किसान सभा व सेब उत्पादक संघ के नेतृत्व में किसानों और बागवानों ने आज शिमला में सचिवालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया।

————————